रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33001/99

REGD. NO. D. L.-33001/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 24, 2003/ज्येष्ठ 3, 1925
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 24, 2003/JYAISTHA 3, 1925

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)

General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

(भारतीय विधि आयोग)

नई दिल्ली, 29 अप्रैल, 2003

सा.का.नि. 208.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और विधि अयोग (समूह ''क'' और समूह ''ख'' पद) भर्ती नियम, 1987 का उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या किए जाने का लोप किया गया है, अधिक्रमण करते हुए विधि और न्याय मंत्रालय विधि कार्य विभाग के अधीन विधि अयोग में अधीक्षक (विधि) के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम विधि आयोग, अधीक्षक (विधि), समूह ''ख'' पद भर्ती नियम, 2002 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**— उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे, जो इन नियमों से उपावद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

3. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.**—उक्त पदों पर भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उनसे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो पूर्वोक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

4. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

5. **शिथिल करने की शक्ति .—**

जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके और संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

6. **व्यावृत्ति .—**

इन नियमों की कोई बात ऐसे आरक्षण, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन अथवा अचयन पद	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा
1	2	3	4	5	6	7
अधीक्षक (विधि)	02* (2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा समूह ''ख'' राजपत्रित अननुसचिवीय	7500-250-12,000 रु.	लागू नहीं होता	हां	35 वर्ष से अनधिक। **टिप्पण 1 :** केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती हैं। **टिप्पण 2 :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
आवश्यक : किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से विधि में मास्टर की डिग्री के साथ विधि में दो वर्ष का अध्यापन और/या अनुसंधान का अनुभव रखता हो। या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या समतुल्य से विधि में स्नातक की डिग्री के साथ विधि में चार वर्ष का अध्यापन ओर/या अनुसंधान का अनुभव रखता हो। या राज्य न्यायिक सेवा का चार वर्ष के लिए सदस्य रहा हो। या अर्हित विधि व्यवसायी अर्थात् अधिवक्ता (अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के अर्थातंर्गत) जो उस रूप में चार वर्ष प्रैक्टिस कर चुका हों। **टिप्पण 1 :** ऐसी अवधि की संगणना करते समय जिसमें उस व्यक्ति ने राज्य न्यायिक सेवा में पद धारण किया है, यह अवधि सम्मिलित की जाएगी जिसके दौरान उसने कोई अन्य विधिक पद धारण किया हो या ऐसी कोई अन्य अवधि जिसके दौरन वह विधि व्यवसायी रहा हो। **टिप्पण 2 :** उस अवधि की संगणना करते समय जिसके दौरान व्यक्ति अर्हित विधि व्यवसायी रहा हो ऐसी कोई अवधि सम्मिलि होगी जिसके दौरान उसने राज्य न्यायिक सेवा में कोई पद धारण किया है या राज्य अथवा केन्द्रीय सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं या विश्वविद्यालयों में कोई विधिक पद धारण किया हो। **टिप्पण 3 :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण 4 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। **वांछनीय :** विधिक अनुसंधान में एक वर्ष का अनुभव।	लागू नहीं होता	दो वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भने जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
11	12
सीधी भर्ती। **टिप्पण** : पदधारी के प्रतिनियुक्ति या लम्बी बीमारी या अध्ययन छुट्टी या किसी अन्य परिस्थिति में एक वर्ष या अधिक अवधि के लिए बाहर रहने के कारण हुई रिक्तियां, केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारियों में से प्रतिनियुक्ति द्वारा भरी जा सकेगी, जो (क)(i) मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पद सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) मूल काडर/विभाग में 7450-11500 रु. या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दो वर्ष सेवा कर चुके हैं; या (iii) मूल काडर/विभाग में 6500-10500 रु. या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में तीन वर्ष सेवा कर चुके हैं या (iv) मूल काडर/विभाग में 5500-9000 रु. या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में सात वर्ष सेवा कर चुके हैं; और (ख) स्तंभ 8 के अधीन सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव रखते हों।	लागू नहीं होता।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा
13	14
समूह "ख" विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि पर विचार करने के लिए) में निम्नलिखित होंगे :— 1. सदस्य सचिव/संयुक्त सचिव और विधि अधिकारी, विधि अयोग —अध्यक्ष 2. अपर विधि अधिकारी, विधि आयोग/अपर विधि सलाहकार, विधि कार्य विभाग —सदस्य 3. उप विधि अधिकारी, विधि आयोग/उप विधि सलाहकार/उप सचिव, विधि-कार्य विभाग —सदस्य।	सीधे भर्ती करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श आवश्यक है।

[फा. सं. ए.-11014/1/99-एल.सी.]

यशवंत सिंह, अवर सचिव

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Department of Legal Affairs)

(LAW COMMISSION OF INDIA)

New Delhi, the 29th April, 2003

G.S.R. 208.— In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution of India and in supersession of the Law Commission (Group 'A' and Group 'B' Posts) Recruitment Rules, 1987, in so far as they relate to the post of Superintendent (Legal), except as regards things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment of the post of Superintendent (Legal) in the Law Commission under the Department of Legal Affairs, Ministry of Law and Justice, namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Law Commission, Superintendent (Legal), Group 'B' post, Recruitment Rules, 2002. (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Number of post, classification and scale of pay.**—The number of the said post, its classification and the scale of pay attached thereto shall be as specified in columns 2 to 4 of the Schedule annexed to these rules.

3. **Method of Recruitment, age limit, qualifications, etc.**—The method of recruitment, age limit, qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in columns 5 to 14 of the said Schedule.

4. **Disqualification.**—No person, —

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living, or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be cligible for appointment to the said post :

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

5. **Power to relax.**—Where the Central Government is of opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order, for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Union public Service Commission, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

6. **Saving.**—Nothing in these rules shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, Ex-servicemen and other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

SCHEDULE

Name of post	No. of posts	Classification	Scale of pay	Whether Selection or Non-selection post	Whether benefit of added years of service admissible under Rule 30 of the Central Civil Services (Pension) Rules, 1972	Age limit for direct recruits
1	2	3	4	5	6	7
Superintendent (Legal)	2* (2003) *Subject to variation dependent on work load.	General Central Service, (Group 'B') Gazetted Non-Ministerial.	Rs. 7500-250-12000	Not Applicable	Yes	Not exceeding 35 years. **Note 1 :** Relaxable for Government servants upto 5 years in accordance with the instructions or orders issued by the Central Government. **Note 2 :** The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates in India (and not the closing date pescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Ladakh Division or Jammu and Kashmir State, Lahul and Spiti District and Pangi Sub-Division of Chamba District of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands or Lakshdweep) Note under Column 11.

Educational and other qualifications required for direct recruits	Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees	Period of probation if any	Method of recruitment whether by direct recruitment or by promotion or by deputation/ absorption and percentage of the posts to be filled by various methods
8	9	10	11
Essential : Master's Degree in law of a recognised University or equivalent and posssessing two years' teaching and/or research experience in law. OR Bachelor's Degree in Law of a recognised University or equivalent and possessing four years' teaching and/or research experience in law OR Should have been a member of State Judicial Service for four years OR Should be a qualified legal practitioner i.e. Advocate (within the meaning of the Advocates Act. 1961) who has practised as such for four years. **Note 1 :** In computing the period during which a person has held an office in the State Judicial Service, there shall be included any period during which he has held any other legal post or any period during which he has been a legal practitioner. **Note 2 :** In computing the period during which a person has been a qualified legal practitioner, there shall be included any period during which he has held any office in the State Judicial Service or has held a legal post in the Department of State or Central Government/Union Territory/ Recognised Research Institutions or Universities. **Note 3 :** The qualifications are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in case of candidates otherwise well qualified. **Note 4 :** The qualification(s) regarding experience is/are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates belonging to the Scheduled Castes or the Scheduled Tribes, if at any stage of selection, the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the posts reserved for them. **Desirable :** One year's experience in legal research.	Not Applicable	Two years	Direct Recruitment. **Note :** Vacancies caused by the incumbent being away on deputation or long illness or study leave or under other circumstances for a duration of one year or more may be filled on deputation basis from officers of the Central Government. (a)(i)holding analogous posts on regular basis in the Parent Cadre/Department; or (ii) With two years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the scale of pay of Rs. 7450-11500 or equivalent in the Parent Cadre/Department; or (iii) With three years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the scale of pay of Rs. 6500-10500 or equivalent in the parent cadre/ department; or (iv) With seven years' service in the grade rendered after appointment thereto on a regular basis in the scale of pay of Rs. 5500—9000 or equivalent in the parent cadre/ Department; and (b) Possessing the educational qualifications and experience prescribed for direct recruits under column 8.

In case of recruitment by promotion/ deputation/absorption, grades from which promotion/deputation/absorption to be made	If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition	Circumstances in which Union Public Service Commission to be consulted in making recruitment
12	13	14
Not applicable	**Group 'B' Departmental Promotion Committee** (for considering confirmation) consisting of : 1. Member Secretary/Joint Secretary and Law Officer, Law Commission —Chairman 2. Additional Law Officer, Law Commission/Additional Legal Adviser, Department of Legal Affairs —Member 3. Deputy Law Officer, Law Commission/Deputy Legal Advisor/ Deputy Secretary, Department of Legal Affairs —Member	Consultation with Union Public Service Commission is necessary while making direct recruitment.

[F. No. A-11014/1/99-LC]

YASHWANT SINGH, Under Secy.

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नई दिल्ली, 7 मई, 2003

सा.का.नि. 209.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, संघ लोक सेवा आयोग (सतर्कता सहायक) भर्ती नियम, 1999 का और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम संघ लोक सेवा आयोग (सतर्कता सहायक) भर्ती (संशोधन) नियम, 2003 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. संघ लोक सेवा आयोग (सतर्कता सहायक) भर्ती नियम, 1999 की अनुसूची में,—

(क) "भूतपूर्व सैनिक" शब्दों के स्थान पर जहां-जहां वे आते हैं, "सशस्त्र बल कार्मिक" शब्द रखे जाएंगे;

(ख) स्तंभ 12 के नीचे, "पुनर्नियोजन" शब्द से आरंभ और "नियुक्त किया जाता है" शब्दों से समाप्त होने वाले अंश के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :—

"सशस्त्र बल कार्मिक के लिए :

प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियोजन

सशस्त्र बल के जूनियर कमीशन अधिकारी या समतुल्य की पंक्ति के ऐसे कार्मिकों के संबंध में भी विचार किया जाएगा जो एक वर्ष की अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले हैं या रिजर्व में स्थानांतरित किए जाने वाले हैं और जिनके पास अपेक्षित अनुभव और विहीत अर्हताएं हैं। चयन की दशा में ऐसे अधिकारियों को उस तारीख तक प्रतिनियुक्ति के निर्बंधनों पर रखा जाएगा जिस तारीख से उन्हें सशस्त्र बल से निर्मुक्त किया जाना है, तत्पश्चात् उन्हें पुनर्नियोजन पर बने रहने दिया जा सकता है। ऐसे अर्हित अधिकारियों के पद पर वास्तविक चयन से पूर्व सेवानिवृत्त होंगे या रिजर्व में स्थानांतरित होने की दशा में उनकी नियुक्ति पुनर्नियोजन के आधार पर सिविल पदों के प्रतिनिर्देश से अधिवर्षिता की आयु तक होगी। प्रतिनियुक्ति का अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन /विभाग में इस नियुक्ति के ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।"

[फा. सं. 39021/2/92-स्था. (ख)]

श्रीमती प्रतिभा मोहन, निदेशक

पाद टिप्पण : मूल नियम सा.का.नि. सं. 422 तारीख 25 दिसंबर, 1999 को प्रकाशित किए गए थे और सा.का.नि. सं. 457 तारीख 25 अगस्त, 2001 द्वारा उनमें संशोधन किए गए।

MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS

(Department of Personnel and Training)

New Delhi, the 7th May, 2003

G.S.R. 209.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Union Public Service Commission (Vigilance Assistant, Recruitment Rules, 1999, namely :—

1. (1) These rules may be called the Union Public Service Commission (Vigilance Assistant) recruitment (Amendment) Rules, 2003.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Union Public Service Commission (Vigilance Assistant, Recruitment Rules, 1999,—

   (a) For the words "ex-servicemen" wherever they occur, the words "Armed Forces Personnel" shall be substituted:

   (b) Under column 12 for the portion beginning with the words "For ex-serviceman; Deputation /Re-employment;" and ending with the words "date of receipt of application" the following shall be substituted, namely :—

"For Armed Forces Personnel :

Deputation/Re-employment

The Armed Forces Personnel of the rank of Junior Commissioned Officer or equivalent who are due to retire of to be transferred to reserve within a period of one year and have the requisite experience and qualifications prescribed for deputationist shall also be considered. If selected, such officers will be given deputation terms upto the date on which they are due for release from the Armed forces. Thereafter, they may be continued on re-employment terms. In case such eligible officers have retired or have been transferred to reserve before the actual selection to the post is made, their appointment will be on re-employment basis upto the age of superannuation with reference to civil posts. (Period of deputation including period of deputation in another ex-cadre post held immediately preceding this appointment in the same or some other Organisation/Department of the Central Government shall ordinarily not exceed three years. The maximum age-limit for appointment by deputation shall be not exceeding 56 years as on the closing date of the receipt of applications)."

[F. No. 39021/2/92-Estt. (B)]
Smt. PRATIBHA MOHAN, Director

Foot note.— The principal rules were published vide number G.S.R. 422 dated 25th December, 1999 and amended vide number G.S.R 457 dated 25th August, 2001.

कोयला और खान मंत्रालय

(खान विभाग)

नई दिल्ली, 8 मई, 2003

सा.का.नि. 210.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और भारतीय खान ब्यूरो (वर्ग "I" और "II" पद) भर्ती नियम, 1964 को, उन बातों के अधिक्रान्त करते हुए जहां तक उसका संबंध अधीक्षण खनिज अर्थशास्त्री, खनिज अर्थशास्त्री, उप-खनिज अर्थशास्त्री, और सहायक खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना), खनिज अधिकारी (आसूचना) और मुख्य खनिज अर्थशास्त्री के पदों से है जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है, भारतीय खान ब्यूरो, खान विभाग, कोयला और खान मंत्रालय में कतिपय समूह "क" और "ख" पदों पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम कोयला और खान मंत्रालय, खान विभाग, भारतीय खान ब्यूरो, समूह "क" और "ख" पद भर्ती नियम, 2003 है।

   (2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **लागू होना.**— ये नियम इससे उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 1 में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे।

3. **पद संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**— उक्त पदों की संख्या, उनका वर्गीकरण और उनके वेतनमान वे होंगे, जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ 2 से स्तंभ 4 में विनिर्दिष्ट हैं ।

4. **भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अन्य अर्हताएं .**—भर्ती की पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबंधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तम्भ 5 से स्तम्भ 14 में विनिर्दिष्ट हैं।

5. **निरर्हता.**—वह व्यक्ति,—

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है, या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,

उक्त पदों पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

6. **शिथिल करने की शक्ति.**—जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं उन्हें लेखबद्ध करके तथा संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करके, इन नियमों के किसी उपबन्ध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

7. **व्यावृत्ति.**—इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर निकाले गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबन्ध करना अपेक्षित है।

अनुसूची

पद का नाम	पदों की संख्या	वर्गीकरण	वेतनमान	चयन पद या अचयन पद	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा	सेवा में जोड़े गए वर्षों का फायदा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के अधीन अनुज्ञेय है या नहीं
1	2	3	4	5	6	7
1. मुख्य खनिज अर्थशास्त्री	1* (2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित अनुसचिवीय	16400-450-20000 रु.	चयन	50 वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।) **टिप्पण :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहोल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)	हां

सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हताएं, प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं	परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो
8	9	10
आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियरी में डिग्री या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान या भू-विज्ञान या अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री अथवा समतुल्य, (ii) खनिज अर्थशास्त्र, अर्थात् मांग सर्वेक्षण कराने, खनिज विपणन सर्वेक्षण, खनिज तालिका, खनिज विद्यायन, वस्तुओं का विवरण, विश्व खनिज आसूचना, खनिज आर्थिक संसाधनों के पहलूओं के अन्वेषण तथा धातु और खनिज से संबंधित खनिज इत्यादि के उपयोग के क्षेत्र में पर्यवेक्षणीय हैसियत में बारह वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1 :** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण 2 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती है (हैं) जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में होने की संभावना नहीं है : **वांछनीय :** (i) उत्पादन, वितरण, निर्यात, आयात इत्यादि या भारत में खनिज और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में रूझान के परिवर्तन से संबंधित सांख्यिकी का ज्ञान। (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिग्री/अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान/भू-विज्ञान/खनिज विज्ञान/अर्थशास्त्र में अधिमानत: खनिज अर्थशास्त्र में डाक्टरेट डिग्री या समतुल्य। (iii) सांख्यिकी में डिग्री। (iv) कम्प्यूटर के कार्य ज्ञान के साथ कार्यालय में सोफ्टवेयर के उपयोग पर सामान्यत: विशेष बल दिया जाएगा।	आयु—नहीं शैक्षिक अर्हताएं—हां	सीधी भर्ती करने वाले व्यक्तियों के लिए एक वर्ष

भर्ती की पद्धति : भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति द्वारा या आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पदों की प्रतिशतता	प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां जिनसे प्रोन्नति या प्रतिनियुक्ति या आमेलन किया जाएगा
11	12
प्रोन्नति द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	प्रोन्नति : ऐसे अधीक्षण खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) जिन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दो वर्ष नियमित सेवा की हो ।

12

	टिप्पण : जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक/पात्रता सेवा के आधे से अधिक या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, से कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित उनकी उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जिन्होंने ऐसी अर्हक/पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है। **प्रतिनियुक्ति :** (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/स्वशासी निकायों के अधीन ऐसे अधिकारी— (क)(i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 14,300—18,300 रु. या समतुल्य के वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दो वर्ष सेवा की है; और (iii) जिनके पास स्तंभ 8 में सीधे भर्ती के लिए विहित अर्हताएं और अनुभव है। (पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है तो उसकी संरचना	भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा।
13	14
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) 1. अध्यक्ष/सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग —अध्यक्ष 2. सचिव/अपर सचिव, खान मंत्रालय —सदस्य 3. महा नियंत्रक/निदेशक (अयस्क ड्रेसिंग), भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य	सीधी भर्ती करते समय और किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) पर नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति 1. अपर सचिव/संयुक्त सचिव, खान मंत्रालय —अध्यक्ष 2. महा नियंत्रक/निदेशक (अयस्क ड्रेसिंग), भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य	

1	2	3	4	5	6	7
2. अधीक्षण खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना)	3* (2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित (अननुसचिवीय	14,300-400-18,300 रु.	चयन	50 वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।) **टिप्पण :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)	हां

8	9	10
आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियरी में डिग्री या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान या भू-विज्ञान या अर्थ-शास्त्र में मास्टर डिग्री अथवा समतुल्य। (ii) खनिज अर्थशास्त्र, अर्थात् मांग सर्वेक्षण कराने, खनिज विपणन सर्वेक्षण, खनिज तालिका, खनिज विद्यायन, वस्तुओं का विवरण, विश्व खनिज आसूचना, खनिज अर्थिक संसाधनों के पहलुओं के अन्वेषण तथा धातु और खनिज से संबंधित खनिज इत्यादि के उपयोग के क्षेत्र में पर्यवेक्षणीय हैसियत में दस वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1 :** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण 2 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। **वांछनीय :** (i) उत्पादन, वितरण, निर्यात, आयात इत्यादि या भारत में खनिज और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में रूझान के परिवर्तन से संबंधित सांख्यिकी का ज्ञान। (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिग्री/अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान/भू-विज्ञान/खनिज विज्ञान/अर्थशास्त्र में अधि-मानत: खनिज अर्थशास्त्र में डाक्टरेट डिग्री या समतुल्य।	आयु—नहीं शैक्षिक अर्हताएं—हाँ	सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए एक वर्ष।

8	9	10
(iii) सांख्यिकी में डिग्री। (iv) कम्प्यूटर के कार्य ज्ञान के साथ कार्यालय में सोफ्टवेयर के उपयोग पर सामान्यत: विशेष बल दिया जाएगा।		

11	12
(i) 66.67 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) और दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा। (ii) 33.33 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा जिसके न हो सकने पर प्रति-नियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है।)	**प्रोन्नति :** ऐसे खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) जिन्होंने नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है। **टिप्पण :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, से कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित उनकी उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है। **प्रतिनियुक्ति :** (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/मान्यताप्राप्त अनुसंधान /स्वशासी निकायों के अधीन ऐसे अधिकारी— (i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पर धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 12000-16500 रु. या समतुल्य के वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है; और (iii) जिनके पास स्तंभ 8 में सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अधिकथित अर्हताएं और अनुभव है। (पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। (प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

13	14
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) 1. अध्यक्ष/सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग —अध्यक्ष 2. अपर सचिव/संयुक्त सचिव, खान विभाग —सदस्य 3. निदेशक (अयस्क ड्रेसिंग)/मुख्य खनिज अर्थशास्त्री, भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य **समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए—** 1. संयुक्त सचिव, खान विभाग —अध्यक्ष 2. निदेशक (अयस्क ड्रेसिंग) मुख्य खनिज अर्थशास्त्री, भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य	सीधी भर्ती करते समय और किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) पर नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

1	2	3	4	5	6	7
3. खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना)	4* (2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' अराजपत्रित अननुसचिवीय	12000-375-16500 रु.	चयन	45 वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)	हां

8	9	10
आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनिज इंजीनियरी में डिग्री या अर्थशास्त्र या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान या भू-विज्ञान में मास्टर डिग्री अथवा समतुल्य। (ii) आंकलन स्त्रोत बाजार सर्वेक्षण और खनिजों संसाधनों के आर्थिक पहलुओं के अन्वेषण तथा खनिज के उत्पादन और उपयोग में पर्यवेक्षणीय हैसियत से दस वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1 :** अर्हताएं, अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं। **टिप्पण 2 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में होने की संभावना नहीं है। **वांछनीय :** (i) उत्पादन, वितरण, निर्यात, आयात इत्यादि या भारत में खनिज और अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में रूझान के परिवर्तन से संबंधित सांख्यकी का ज्ञान। (ii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिग्री/अनुप्रयुक्त भू विज्ञान/भू-विज्ञान/खनिज विज्ञान/अर्थशास्त्र में अधिमानत: खनिज अर्थशास्त्र में डाक्टरेट डिग्री या समतुल्य। (iii) सांख्यिकी में डिग्री। (iv) कम्प्यूटर के कार्य ज्ञान के साथ कार्यालय में सोफ्टवेयर के उपयोग पर सामान्यत: विशेष बल दिया जाएगा।	आयु—नहीं शैक्षिक अर्हताएं—हाँ	सीधी भर्ती करने वाले व्यक्तियों के लिए एक वर्ष

11	12
प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति :** ऐसे उप-खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) जिन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है। **टिप्पण :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक/पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनके ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, से कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित उनकी उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है। **प्रतिनियुक्ति :** (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं के अधीन ऐसे अधिकारी— (क)(i) जो मूल कांडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पर धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 10000-15200 रु. के या समतुल्य वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है; और (ख) जिनके पास स्तंभ 8 में सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अधिकथित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है। पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में है, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 4 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

13	14
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) 1. अध्यक्ष/सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग —अध्यक्ष 2. संयुक्त सचिव/निदेशक खान विभाग —सदस्य 3. मुख्य खनिज अर्थशास्त्री/अधीक्षण/खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य **समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए)** 1. संयुक्त सचिव/निदेशक खान विभाग —अध्यक्ष 2. मुख्य खनिज अर्थशास्त्री/अधीक्षण/खनिज अर्थशास्त्री (1) भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य	सीधी भर्ती करते समय और किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) पर नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

1	2	3	4	5	6	7
4. उप-खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना)	10*(2003) *कार्यभार के आधार पर	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' अराजपत्रित	10000-325-15200 रु.	चयन	40 वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार	हां

1	2	3	4	5	6	7
	परिवर्तन किया जा सकता है।	अननुसचिवीय			सरकारी सेवकों के लिए पांच वर्ष तक शिथिल की जा सकती है। **टिप्पण :** आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा-जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)	

8	9	10
आवश्यक : (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनिज इंजीनियरी में डिग्री या अर्थशास्त्र या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान या भू-विज्ञान में मास्टर डिग्री अथवा समतुल्य (ii) आंकलन स्त्रोत बाजार सर्वेक्षण और खनिजों संसाधनों के आर्थिक पहलुओं के अन्वेषण तथा खनिज के उत्पादन और उपयोग में पर्यवेक्षीय हैसियत से दस वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1 :** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं। **टिप्पण 2 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में उपलब्ध होने की संभावना नहीं है। **वांछनीय :** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आर्थिक खनिज के क्षेत्र में अधिमानत: अर्थशास्त्र/अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान/भू-विज्ञान में डाक्टरेट डिग्री/ खनिज इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री या समतुल्य। (ii) सांख्यिकी में डिग्री। (iii) कम्प्यूटर के कार्य ज्ञान के साथ कार्यालय में सोफ्टवेयर के उपयोग पर सामान्यत: विशेष बल दिया जाएगा।	आयु—नहीं शैक्षिक अर्हताएं—हाँ	सीधी भर्ती करने वाले व्यक्तियों के लिए एक वर्ष

(11)	(12)
40 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर प्रतिनियुक्ति द्वारा (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) दोनों के न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा। 60 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति :**—ऐसे सहायक खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) जिन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है। **टिप्पण :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो जहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, से कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित उनकी उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है। **प्रतिनियुक्ति :** (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकारों/पब्लिक सेक्टर उपक्रम/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधीन ऐसे अधिकारी— (क)(i) जो मूल काडर/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं; या (ii) जिन्होंने मूल काडर/विभाग में 8000-13500 रु. या समतुल्य के वेतनमान में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है; और (ख) जिनके पास स्तंभ 8 में सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अधिकथित शैक्षिक अर्हताएं और अनुभव है। पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्त व्यक्ति प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य काडर बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि है साधारणतया 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(13)	(14)
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) : (i) संयुक्त सचिव/निदेशक, खान विभाग —अध्यक्ष (ii) मुख्य खनिज अर्थशास्त्री अधीक्षण खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य (iii) निदेशक/उप सचिव, खान विभाग —सदस्य **समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए)** 1. संयुक्त सचिव/निदेशक, खान विभाग —अध्यक्ष 2. मुख्य खनिज अर्थशास्त्री/अधीक्षण खनिज अर्थशास्त्री, (आसूचना) भारतीय खान ब्यूरो	सीधी भर्ती करते समय और किसी अधिकारी की प्रतिनियुक्ति (जिसके अंतर्गत अल्पकालिक संविदा भी है) पर नियुक्त करते समय संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
5. सहायक खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना)	11*(2003) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है।	साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'क' अराजपत्रित अननुसचिवीय	8000-275-13500 रु.	चयन	35 वर्ष (केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों या आदेशों के अनुसार सरकारी सेवकों के लिए 5 वर्ष तक शिथिल की जा सकती है।)	हां

(6)
टिप्पण : आयु-सीमा अवधारित करने के लिए निर्णायक तारीख भारत में अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के लिए नियत की गई अंतिम तारीख होगी (न कि वह अंतिम तारीख जो असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू-कश्मीर राज्य के लद्दाख खंड, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिले तथा चम्बा जिले के पांगी उपखंड, अंदमान और निकोबार द्वीप या लक्षद्वीप के अभ्यर्थियों के लिए विहित की गई है।)

(8)	(9)	(10)
आवश्यक : वाले (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनिज इंजीनियरी में डिग्री या भू-विज्ञान या अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान या भू-विज्ञान या अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री या समतुल्य; (ii) आंकलन स्रोत बाजार सर्वेक्षण और खनिजों संसाधनों के आर्थिक पहलुओं के अन्वेषण तथा खनिज के उत्पादन और उपयोग में पर्यवेक्षीय हैसियत से तीन वर्ष का अनुभव। **टिप्पण 1 :** अर्हताएं अन्यथा सुअर्हित अभ्यर्थियों की दशा में संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार शिथिल की जा सकती हैं। **टिप्पण 2 :** अनुभव संबंधी अर्हता (अर्हताएं) संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के अभ्यर्थियों की दशा में तब शिथिल की जा सकती हैं जब चयन के किसी प्रक्रम पर संघ लोक सेवा आयोग की यह राय है कि उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले उन समुदायों के अभ्यर्थियों के पर्याप्त संख्या में होने की संभावना नहीं है। **वांछनीय :** (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से खनन इंजीनियरी में स्नातकोत्तर डिग्री/अनुप्रयुक्त भू-विज्ञान/भू-विज्ञान/ खनिज विज्ञान/अर्थशास्त्र में अधिमानत: खनिज अर्थशास्त्र में डाक्टरेट डिग्री या समतुल्य। (ii) सांख्यिकी में डिग्री। (iii) कम्प्यूटर के कार्य ज्ञान के साथ कार्यालय में सोफ्टवेयर के उपयोग पर सामान्यत: विशेष बल दिया जाएगा।	**आयु—नहीं** **शैक्षिक अर्हता—हाँ**	सीधी भर्ती करने वाले व्यक्तियों के लिए एक वर्ष प्रोन्नति किए जाने व्यक्तियों के लिए दो वर्ष।

(11)	(12)
20 प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, जिसके न हो सकने पर सीधी भर्ती द्वारा।	**प्रोन्नति :** ऐसे खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) जिन्होंने नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में पांच वर्ष सेवा की है।
80 प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा।	**टिप्पण :** जहां ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों के संबंध में जिन्होंने अपनी अर्हक या पात्रता सेवा पूरी कर ली है, प्रोन्नति के लिए विचार किया जा रहा हो वहां उनसे ज्येष्ठ व्यक्तियों के संबंध में भी विचार किया जाएगा परंतु यह तब जब कि उसके द्वारा की गई ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा, अपेक्षित अर्हक या पात्रता सेवा के आधे से अधिक से या दो वर्ष से, इनमें से जो भी कम हो, से कम न हो और उन्होंने अपने ऐसे कनिष्ठ व्यक्तियों सहित उनकी उच्चतर श्रेणी में प्रोन्नति के लिए अपनी परिवीक्षा की अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जिन्होंने ऐसी अर्हक या पात्रता सेवा पहले ही पूरी कर ली है।

(13)	(14)
समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (प्रोन्नति के संबंध में विचार करने के लिए) : (i) अध्यक्ष/सदस्य, संघ लोक सेवा आयोग —अध्यक्ष (ii) संयुक्त सचिव/निदेशक, खान विभाग —सदस्य (iii) मुख्य खनिज अर्थशास्त्री/अधीक्षण/खनिज अर्थशास्त्री (आसूचना) भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य **समूह 'क' विभागीय प्रोन्नति समिति (पुष्टि के संबंध में विचार करने के लिए) :** 1. संयुक्त सचिव/निदेशक, खान विभाग —अध्यक्ष 2. मुख्य खनिज अर्थशास्त्री/अधीक्षण खनिज अर्थशास्त्री, भारतीय खान ब्यूरो —सदस्य	प्रत्येक अवसर पर संघ लोक सेवा आयोग से परामर्श करना आवश्यक है।

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)	(10)
